अतिरिक्त ज़रूरतें और मेडिकल कंडीशंस

स्पेशेलेटी चाइल्ड कार रेस्ट्रेंट और एक्सेसरीज़

क्या आप जानते हैं?

बच्चों के लिए अलग-अलग मेडिकल कंडीशंस और खास ज़रूरतों के मुताबिक कार सीट्स और एक्सेसरीज़ मिलती हैं, ताकि हर बच्चा सेफ तरीके से सफर कर सके।

सुनिश्चित करें कि आपके हार्नेस सही हैं

इनबिल्ट हार्नेस में कम से कम पाँच पॉइंट्स से अटैचमेंट होती है, जिनमें कंधे के स्ट्रैप्स, लैप स्ट्रैप्स और क्रॉच या लेग स्ट्रैप्स शामिल होते हैं, जो बच्चे को कंधों और कमर पर सुरक्षित तरीके से पकड़कर रखते हैं। ये उनके शरीर के सबसे मजबूत अंग हैं।

एक्सीडेंट की हालत में, हार्नेस इन मज़बूत हिस्सों पर दबाव को बराबर तरीके से बांटता है, जिससे शरीर के नाज़ुक हिस्सों, जैसे पेट, को बेहतर सुरक्षा मिलती है।

अगर आपका बच्चा आम कार सीट या हार्नेस में फिट नहीं होता या उसका इस्तेमाल नहीं कर सकता, तो सफर के दौरान उसे सेफ रखने के लिए दूसरे ऑप्शन्स पर गौर करें।

ROADSAFE RANGERS

अतिरिक्त ज़रूरतें और मेडिकल कंडीशंस

हिप डिस्प्लेसिया वाले बच्चों के लिए सुरक्षित वाहन यात्रा

हिप डिस्प्लेसिया वाले बच्चों को अक्सर स्टैंडर्ड कार सीट इस्तेमाल करने में दिक्कत होती है। बड़ी सीट में शिफ्ट करने के बाद भी, उन्हें सही तरीके से सुरक्षित करना मुश्किल हो सकता है।

आम समस्याओं में शामिल हैं:

- उनके पैरों और कूल्हों के लिए पर्याप्त जगह न होना
- एक हार्नेस जो सही ढंग से फिट नहीं होता

एसी और दूसरी मेडिकल कंडीशंस के लिए खास कार सीट्स और एक्सेसरीज़ बनाइ गइ हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने राज्य या क्षेत्र के Kidsafe सेंटर से संपर्क करें।

विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों के लिए सेफ्टी रेस्ट्रेंट्स

जब विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों की बात आती है, तो प्रत्येक बच्चे की स्थिति अनोखी होती है।
अगर आपके बच्चे को कोइ मेडिकल कंडीशन या डिसएबिलिटी है, तो Kidsafe जैसी मान्यता प्राप्त फिटिंग ऑर्गेनाइज़ेशन आपकी बच्चे की ज़रूरत के अनुसार एक सेफ ट्रैवल समाधान ढूंढने में मदद कर सकती हैं।

वे आपके हेल्थ प्रोफेशनल्स की टीम के साथ मिलकर बच्चे की ज़रूरतों के अनुसार सबसे उपयुक्त समाधान ढूंढने में मदद कर सकते हैं। इसमें ऑस्ट्रेलियन स्टैंडर्ड्स के अनुसार चाइल्ड रेस्ट्रेंट्स, अतिरिक्त हार्नेस या एक्सेसरीज़ शामिल हो सकती हैं। आपका चाइल्ड रेस्ट्रेंट फिटिंग एक्सपर्ट इन्हें इंस्टॉल कर सकता है, और कुछ तो खरीदने से पहले ट्रायल प्रोडक्ट्स देने की सुविधा भी देते हैं।

सलाह

अतिरिक्त ज़रूरतों वाले चाइल्ड रेस्ट्रेंट फिटिंग एक्सपर्ट ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट्स, फिजियोथेरेपिस्ट्स और अन्य हेल्थ प्रोफेशनल्स के साथ मिलकर बच्चों के लिए सबसे उपयुक्त ट्रांसपोर्टेशन समाधान चुनने, फिट करने और एडजस्ट करने में मदद करते हैं। अगर आप इन अतिरिक्त ज़रूरतों वाली सेवाओं का लाभ लेना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपनी हेल्थ प्रोफेशनल टीम से बात करें या Kidsafe जैसे चाइल्ड रेस्ट्रेंट एक्सपर्ट्स से मदद लें, जो आपको और आपके बच्चे के लिए सबसे सही समाधान चुनने में सलाह और सपोर्ट देते हैं।

Kidsafe
Child Accident Prevention Foundation of Australia

Kidsafe सेवाएं प्रत्येक राज्य और क्षेत्र में भिन्न हो सकती हैं।
अधिक जानकारी और सलाह के लिए कृपया अपने राज्य या क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें।
प्रदान की गइ सभी जानकारी प्रकाशन के समय सही है